Title: Need to include certain communities in the list of Scheduled Castes/ Scheduled Tribes in Uttaranchal who had migrated from erstwhile East Pakistan. - Laid

श्री महेन्द्र सिंह पाल (नैनीताल): अध्यक्ष महोदय, पूर्वी पाकिस्तान से आये तथा देश के विभिन्न भागों में बसे बंगाली समुदाय जो उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल तथा विशो रूप से उत्तरांचल के जिला नैनीताल, जिला उद्यमसिंह नगर आदि स्थानों में आकर बसे हैं, पूर्वी पाकिस्तान में यह जातियां अनुसूचित जाति/जनजाति के अंतर्गत आती थी तथा पश्चिम बंगाल में भी वही जातियां अनुसूचित जाति/जनजाति के अंतर्गत आती है। परन्तु उत्तरांचल तथा अन्य राज्यों में इन जातियों को यह सुविधा प्राप्त नहीं है। केन्द्र सरकार द्वारा इससे पूर्व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विधेयक पारित कर पूरे देश में कुछ जातियों को शामिल कर कानूनी दर्जा दिया गया, परन्तु बंगाली समुदाय को उस समय भी वंचित रखा गया है। उत्तरांचल की वर्तमान सरकार ने बंगाली समुदाय की एक सूची, जो पूर्वी पाकिस्तान एवं पश्चिम बंगाल में अनुसूचित जाति/जनजाति में आती है, केन्द्र सरकार को भेज चुकी है, जिसमें खासकर नौ सूद्र आदि जातियां आती हैं। अतः केन्द्र सरकार अतिशीघ्र उत्तरांचल तथा अन्य प्रदेशों में रह रही इन जातियों को अनुसूचित जाति/जनजाति के अंतर्गत लेकर आरक्षण की सुविधा प्रदान करे।